पुष्टिविधानम्



सहयोग-प्रकाशन

सहयोग-प्रकाशन :

१ : गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथजी महाराज 'प्रथमेश' (प्रति : २०००)
बड़े मथुराधीशजीका मन्दिर, महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य मार्ग,
पाटन पोल, कोटा, राजस्थान. ३२४ ००६.
गिरिधरनिवास, प्लॉट नं.७, गांधीग्राममार्ग, जुहु, मुंबई ४०० ०४९.

२ : भैरवदास मीमाणी (प्रति : ५००)
सूरज कन्टेनर्स लिमिटेड, ६०-बी, चौरंगी रोड़, कलकत्ता, ६०० ०२०.

३ : एल. नरोत्तमदास (प्रति : ५००)
अतुल टावर्स, सी-ब्लॉक, ३रा माला, इगनीवाड़ी,
कांदीवली (पश्चिम), मुंबई, ४०० ०६७.

४ : दीपक और वीरेन्द्र मेहता (प्रति : ५००)
ए-६, तीर्थ, लल्लुभाईपार्क, अंधेरी (प.) मुंबई, ४०० ०५८.

५ : बालकृष्णदास नारणदास शेठ (प्रति : ५००)
३०३, पारेख प्लाज़ा, वल्लभभाई रोड़, विलेपार्ले (प.) मुंबई, ४०० ०५६.

६ : कृष्णकान्त छोटालाल वोरा (प्रति : ५००)
बी/१५, गुजराती सोसायटी, नेहरु रोड़,
विलेपार्ले (पूर्व), मुंबई ४०० ०५७.

७ : पी.कुंभनानी (प्रति : ५००)
४९, सुखमनि, बोमनजी पिटिट रोड़,
मुंबई, ४०० ०२६.

सम्पादक : गोस्वामी श्याम मनोहर.

नि:शुल्कवितरणार्थ

प्रकाशनकाल : महाप्रभुश्रीवल्लभप्राकट्योत्सव वर्ष : ५१८ वि.सं.२०५२.

मुद्रक : एच. के. प्रिन्टर्स, १२०, शिवशक्ति इन्डस्ट्रीयल एस्टेट, मरोल,
अंधेरी (पूर्व),मुंबई ४०० ०५९.

प्रकाशकीय

पुष्टिसम्प्रदायप्रवर्तक महाप्रभु श्रीमद्वल्लभाचार्यचरण द्वारा उपदिष्ट रसात्मिका भक्ति और प्रपत्ति के स्थायिभावोंकी मीमांसा यदि करनी हो तो अधोनिर्दिष्ट वचनोंसे अधिक सुन्दर भावाभिव्यक्ति मिलनी दुःशक है :—

> तद् आत्मानं स्वयम् अकुरुत. तस्मात् तत् 'सुकृतम्' उच्यतइति यद् वै तत् सुकृतम्. रसो वै सः, रसं ह्येव अयं लब्ध्वा आनन्दी भवति. कोह्येव अन्यात्—कः प्राण्यात्—यद् एष आकाशे आनन्दो न स्यात्? एष ह्येव आनन्दयाति. यदा ह्येव एतस्मिन् अदृश्ये अनात्म्ये अनिलयने अभयं प्रतिष्ठां विन्दते; अथ सो अभयं गतो भवति. यदाह्येव एतस्मिन् उदरम् अन्तरं कुरुते; अथ तस्य भयं भवति. तत्त्वेव भयं विदुषो अमन्वानस्य...'आनन्दो ब्रह्म' इति व्यजानात्. आनन्दाद्धयेव खलु इमानि भूतानि जायन्ते. आनन्देन जातानि जीवन्ति. आनन्दं प्रयन्ति अभिसंविशन्ति इति (तैत्तिरीयोपनिषद् : २।७-३।६).

इस श्रुतिवचनोक्त स्थायिभावका विभेदन न होता हो तो सञ्चारिभावतया किसी भी भाव—चाहे वह पुष्टिमार्गीय हो या मर्यादामार्गीय हो या प्रवाहमार्गीय भाव हो, अर्थात् कर्ममार्गीय ज्ञानमार्गीय भक्तिमार्गीय या प्रपत्तिमार्गीय शास्त्रप्रशंसित भाव हो; अथवा काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्यादि दुर्गुणोंवाले शास्त्रविनिन्दित भाव हों—सभी भावोंको भगवल्लीलाके रूपमें निहार कर जीवात्मा अभयानन्दका अनुभव करनेमें सक्षम हो पाती है.

यहां 'अभयानन्द' पदके अपोह्य अर्थतया 'आनन्दानुभूतिरहित-अभयता' अथवा 'भीतिसहित-आनन्दानुभूति' यों दो सम्भावनायें प्रकट होती है. प्रथमको हम मुक्तिका एक प्रकारविशेष तो द्वितीयको संसृतिका प्रकारविशेष मान कर चल सकते हैं.

प्रकारान्तरसे इसे यों भी समझा जा सकता है कि अभयानन्दकी अनुभूति तो पारमात्मिक अनुभूति ही होती है, जबकि आत्मकैवल्यकी अनुभूतिमें

अभयता यदि प्रकट हो भी जाये तब भी होती है वह आनन्दानुभूतिरहित ही. इसी तरह वैषयिकद्वैतपर अवलम्बित होनेवाली आनन्दानुभूति भी कदापि भीतिरहित नहीं हो पाती है. ''यो वै भूमा तत् सुखं नाल्पे सुखम् अस्ति''(छान्दोग्योपनिषद्:७।२३।१) श्रुति इसी तथ्यको उजागर करती है. इसी वचनकी भूमिकाके रूपमें इस 'भूमा- सुख' नामिका अनुभूतिकी ऊंचाईतक पहुंचनेके अनेक सोपान गिनाये गये हैं:सद्वाणी विज्ञान मति श्रद्धा निष्ठा और कर्म.

महाप्रभुने जब श्रीसूरदासजी प्रभृति अपने समीप आनेवाले महापुरुषोंको-''सूर हैके काहे घिघियात है? कछु भगवल्लीला गा!'' जैसे उपदेश दिये थे, तब ऐसी ही सद्वाणीद्वारा भागवत विज्ञान, भागवती मति, भागवती श्रद्धा, भागवती निष्ठा और भगवत्सेवागुणगानरूप कर्म में उन्हें ओतप्रोत कर दिया था. ऐसा ओतप्रोत कि साधारणजनोंमें स्पृहणीयतम माने जाते तत्कालीन मोगलसाम्राज्यके दरबारी आमन्त्रण भी इन भगवदीयोंके मनको लुभा नहीं पाये! ''नाहिन रह्यो मनमें ठौर. नन्दनन्दन अछत कैसे आनिए उर और!'' श्रीकुंभनदासजी भी ''भक्तनको सिकरीसों कहा काम... कुंभनदास लाल गिरिधर बिनु यह सब झूंठो धाम'' जैसी भगवत्तल्लीनताकी मस्तीभरी वाणीमें मोगल-वैभवकी भी तृणवत्तुच्छताको खुल कर कह पाये. यह सद्वाणीके प्रथम सोपानसे प्रारम्भ होते क्रमशः आरोहणकी प्रक्रियामें विज्ञान मति श्रद्धा निष्ठा और स्वकर्म या स्वधर्म के अनुपालनकी ऊंचाईपर पहुंचेनेवाले भगवदीयोंमें प्रकट हुवा अभयानन्द ही तो था!

आज महाप्रभुकी सद्वाणीसे विमुख बने हम आधुनिक पुष्टिमार्गियोंके आधुनिक नन्दालयोंमें, वस्तुतः तो लक्ष्मीके वाहन ही परन्तु प्रवेशके समय स्वयं श्रीलक्ष्मीजीकी सी परमभगवदीयताका रूप धारण कर लेनेवाली आधुनिक पूतनाओंने हमारे भगवद्भजनमेंसे भजनानन्दकी पुष्टि हमसे छीन ली है. उसे आजीविकोपार्जन द्वारा उदरपूर्तिकी तुष्टिमें विकृत बना दिया गया है. परमानन्दरूप श्रीनन्दके भवनमें मुक्तिमोहिनी श्रीयशोदाके पयःपान करनेवाले परब्रह्म सच्चिदानन्द श्रीनन्दनन्दनको विषपान करानेके मनोरथोंको हृदयोंमें संजोये रखनेवाली ये आधुनिक पूतनायें निर्भय मार्जारीकी तरह सर्वत्र डोल रही हैं. हमारे आधुनिक नन्दालयोंका परिकर इनके सामने क्षुद्र मूषिका होनेके

अलावा अन्य कोई रूप ही प्रकट नहीं कर पाता है. वैसे तो द्वापरयुगमें भी उसने श्रीनन्दके भवनमें प्रविष्ट हो कर अपने विषलिप्त स्तन श्रीकृष्णके मुखारविन्दमें हठात् ठूंसने ही चाहे थे. तब परन्तु, क्योंकि मुक्तिमोहिनी श्रीयशोदाके गोकुलमें निवास करनेवाली वेदोपनिषद्की ऋचायें अर्थात् श्रुतिरूपा श्रीगोपीजनोंके भाव इतने प्रबल और स्थायी थे कि उनके भावोंके अनुरूप, आलम्बनविभावात्मक श्रीनन्दयशोदानन्दन श्रीकृष्णने उस बकीके प्राण ही हर लिये थे! श्रीलक्ष्मीजीका रूप धारण करनेवाली पूतना चरणसेवा करनेके बजाय पयःपान करानेका रसाभास प्रकट करनेवाला जो नाटक रचने चली थी! अतएव श्रीनन्दके व्रजमें, या यों कह लो कि तापसद्दुमोंवाले बृहद्वन एवं वृन्दावन में, तब भी जैसे लोभ-क्रोधादि दैत्य निवास करते थे और तब इनका भी संहार किया गया था. कभी वेदोपनिषद्के प्रमेयरूप श्रीकृष्णने ही—तो कभी वेदोपनिषदादि प्रमाणरूप श्रीबलरामने. आज उसके विपरीत हमारे आधुनिक गोकुलमें लोभ और अमृत की तीखी चोंचवाली बकासुरी वाणी हमारे सेव्यस्वरूपोंको निगल जानेवाले दाम्भिक अभिप्रायोंके वश तथाकथित आत्मनिवेदनका सत्संग घर बैठे कराने लग गयी है!

अतएव आधुनिक पुष्टिमार्गीय महान् कवि भी ''नाहिन रह्यो मनें ठौर. नन्दनन्दन अछत कैसे आनिए उर और!'' का गीत गाने सक्षम नहीं रह गये हैं. आधुनिक पुष्टिमार्गीय काव्यवाणी अब हमें नये सिरेसे कुछ ऐसा ही समझाना चाहती है कि हमारेलिये ''आनन्देन जातानि जीवन्ति'' वचनानुसारी निष्काम जीवन जीना बहोत मुश्किल काम होनेसे हमारे जीवनका वास्तविक स्वरूप तो अतृप्त वासनायें ही होती हैं:''अतृप्तवासनया वयं जायामहे, यथातृप्तवासनया जाताः जीवामः, अतृप्तवासनां प्रयामोऽभिसंविशामो'' अर्थात् हम अतृप्त वासनाओंसे पैदा हुवे हैं, अतृप्त वासनाओंको संजोये हुवे जीते हैं; और अतृप्त वासनाओंमें ही लीन हो जाना हमारी नियति है!!''

जहां तक अविद्यारूपा बकी पूतनाके आकर्षणवश लोभ-अमृतवाली बकासुरी वाणीके पठन-पाठनके कारण पनपी आजीविकार्थ भगवत्सेवा भागवतकथा भगवल्लीलास्थलोंकी यात्रा भगवन्मादीक्षा भगवत्स्वरूप भगवत्सेवामनोरथ और भगवत्प्रसाद के क्रयविक्रय (जिसे 'न्योछावर'के छद्मसे हम खपा देना चाहते हैं) वाली हमारी आधुनिक पुष्टिमार्गीय जीवनप्रणालीका प्रश्न उठता है तो

अतृप्तवासनाकी बात एक वास्तविकता हो सकती है. वैसे तो निष्कामजीवन जीना भी एक कठिन काम हो सकता है. फिर भी भगवत्सेवा भागवतकथा भगवल्लीलास्थलोंकी यात्रा भगवन्नामदीक्षा भगवत्स्वरूप भगवत्सेवामनोरथ भगवत्प्रसाद का हम आजीविकार्थ या याचितायाचित धनसंग्रहार्थ प्रयोग बन्द कर दें तो, पुनः निष्कामजीवन चाहे शक्य हो या न हो, परन्तु जीवनमें निष्कामभक्ति, मुझे नही लगता अशक्य रह पायेगी!

एतदर्थ श्रीमहाप्रभु-प्रभुचरणोंकी सद्वाणीके शब्द-अर्थ-तात्पर्योंका अवगाहन, तदनुसारी समझ=विज्ञान, विज्ञानानुसारिणी मति, मत्यनुसारिणी श्रद्धा, श्रद्धानुसारिणी निष्ठा, और निष्ठानुसारिणी कृति को एकबार पुनः आज़मानेकी आवश्यकता है. यदि एक बार भी इस दिव्य एवं महान् प्रयोगको हम कर पायें तो निश्चित ही हमारी सारी दुविधाओंका अन्त आ सकता है. कहीं वेदार्थरूप श्रीवसुदेवके औरस ज्येष्ठपुत्र तथा परमानन्दरूप श्रीनन्दके भी पालित ज्येष्ठपुत्र श्रीबलरामके प्रमाणबलके कारण; तो कहीं इन्हीं दोनोंके आत्मज अर्थात् श्रीबलरामके अनुज श्रीकृष्णके प्रमेयबलके कारण भी यथायथ अविद्या और तन्मूलक अन्य सारी आसुरी बाधाओंपर हम भी विजय पा सकते हैं! अतएव महाप्रभुका सुस्पष्ट उद्घोष है : शास्त्रम् अवगत्य मनो-वाग्-देहैः कृष्णः सेव्यः.

श्रीमदाचार्यचरण : दमला ! तें कछु सुन्यो ?
श्रीदामोदरदासजी : महाराज ! मैंने श्रीठाकुरजीके बचन सुने तो सही परि समुझ्यो नाहीं.

श्रीठाकुरजीके वचन हमें सुनानेको आज भी श्रीमदाचार्यचरण तथा श्रीमत्प्रभुचरण तो उतने ही उत्कण्ठित हैं. हम आधुनिक पुष्टिमार्गीय, परन्तु, कहीं ऐसे तो कहना नहीं चाहते हैं कि —

महाराज ! समुझ्यो तो सही परि सुनिबो नाहिं चाहत हूं. सुनाई हू परि जाय तोऊ कहिबो नाहिं चाहत हूं. कबहूंक कहिबो हू पड़े तो करिबो-कराईबो नाहिं चाहत हूं.
श्रीमदाचार्यचरण : सो काहेते ?
आधुनिक पुष्टिजीव : सेवाकथाप्रपत्तिमार्गेषु नष्टेषु कलौ च खलधर्मिणि पाषण्डप्रचुरे लोके कृष्णएवाजीविका मम !

'पुष्टिविधानम्' नामक इस ग्रन्थमें पूर्वाचार्योंके उन ग्रन्थोंको समायोजित किया गया है कि जिनमें न केवल आचार्यचरणकालीन ही परन्तु सर्वदा सर्वत्र श्रीमदाचार्यवाणीमें निष्ठा रखनेवाले निखिल पुष्टिजीवोंको पुष्टिप्रभुकी पुष्टिकी इतिकर्तव्यताका उपदेश दिया गया है. इन ग्रन्थोंके पठन-पाठन और प्रवचन में सौकर्यार्थ कुछ बातें कोष्ठकविन्यासान्तर्गत शीर्षकोंद्वारा तथा उन शीर्षकोंके अनुसारी श्लोकान्तःश्लिष्ट 'क'कारादि मातृकाविन्यास तथा संख्याविन्यास द्वारा भी स्पष्ट करनेका प्रयोग या प्रयास किया गया है. इससे मूलवचनोंका तात्पर्यावगाहन सुबोध हो पायेगा. हमें आशा और विश्वास है कि प्रारम्भमें यह थोड़ा-बहोत उलझन भरा लगनेपर भी कुछ धीरजके साथ देखने-पढ़नेपर सभी निष्ठाशील पुष्टिमार्गीयोंको प्रदत्त पाठावलीके अवगाहनमें यत्किञ्चिद् उपयोगी तो होगा ही.

मूलग्रन्थोंमें बहुशः जो पाठभेद मिलता है उसका उल्लेख करना यहां आवश्यक न लगता होनेसे, किया नहीं गया है. सामान्यतया प्रचलित पाठ ही लिये गये हैं. 'साधनदीपिका'की किसी हस्तलिखित प्रतिके उपलब्ध न होनेके कारण मुद्रित पाठगत अनेक अशुद्धियोंको यथामति संशोधित किया गया है. इस संशोधनप्रक्रियामें जीवसुलभ अज्ञान-प्रमादादिवश यदि किसी तरहका अन्यथात्व हो गया हो तो श्रीगोपीनाथप्रभुचरण अपना मूढ़ निजजन जानकर क्षमा करेंगे.

इस 'पुष्टिविधानम्' के सम्पादनकर्ममें सहयोग प्रदान करनेवाले श्रीमनिष भाराई, श्रीविपुल भाराई तथा श्रीधर्मेन्द्र झाला के प्रति आपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हुवे; तथा प्रकाशनार्थ समुद्यत सभी सहयोगी प्रकाशकोंकी ओरसे तथा स्वयं अपनी ओरसे भी, इस ग्रन्थको पुष्टिप्रभु श्रीनन्दनन्दन, पुष्टिमार्गप्रवर्तक श्रीमदाचार्यचरण एवं तदात्मजद्वय श्रीमत्प्रभुचरणों को समर्पित करते हुवे...

चैत्रकृष्णा नवमी वि.सं.२०५२. — गोस्वामी श्याम मनोहर
पार्ले(मुंबई)किशनगढ़

॥ अमृतवचनावली ॥

(१)जो कटोरी (गहने) धरिके सामग्री आई सो तो भोग श्रीठाकुरजी आप ही के द्रव्यको आरोगे सो आप ही को भयो. जो श्रीठाकुरजीको द्रव्य खायगो सो मेरो नाहिं अरु मेरो सेवक भगवदीय होयगो सो देवद्रव्य कबहूं न खायगो. जो खायगो सो महापतित होयगो. ताते वा प्रसादमेंते भोजन करिवेको अपनो अधिकार न हतो; याकेलिए गोअनकों खवायो अरु श्रीयमुनाजीमें पधरायो (यह सुनिके सब वैष्णव चुप होय रहे).

[श्रीमहाप्रभु : घरुवार्ता-३].

(२)धनादिकी कामनापूर्तिकेलिये जो शास्त्रविहित श्रवण-कीर्तन-अर्चन आदि किये जाते हैं उन्हें कर्ममार्गीय समझने चाहिये. उदरपोषणार्थ आजीविकाके उपार्जनके रूपमें जो श्रवण-कीर्तन-अर्चन आदि किये जाते हैं उन्हें तो खेतीवारीकी तरह 'लौकिक कर्म' ही कहना चाहिये. मलप्रक्षालनार्थ गङ्गाजलको प्रयोगमें लाने जैसा यह निषिद्धाचरण है; और ऐसा दुष्कृत्य करनेवाला पापभागी ही होता है.

[श्रीप्रभुचरण : भक्तिहंस].

(३)अपने सेव्य-स्वरूपकी सेवा आप ही करनी. और उत्सवादि समयानुसार, अपने वित्त अनुसार करने, वस्त्राभूषण भांति-भांतिके मनोरथ करी सामग्री करनी.

[श्रीगोकुलनाथजी-चतुर्वेश : २४ वचनामृत].

(४)जब सन्तदासको सगरो द्रव्य गयो तब श्रीठाकुरजीकी सेवामें मंडान श्रीठाकुरजीके द्रव्यसों राखे और श्रीठाकुरजीके द्रव्यमेंते चौबीस टका पूंजी करि कोड़ी बेचते. सो श्रीठाकुरजीकी पूंजीमेंते तो कासिदको दियो न जाई सो कमाईको टका दिये. तब इनकी मजूरीको राजभोग न भयो सो महाप्रसाद हू न लियो. टकाके चूनको न्यारो भोग धरते सो राजभोग जानते, महाप्रसाद

लेते, और नित्यको नेग बहोत श्रीठाकुरजीके द्रव्यसों होतो; ताते आपुनी राजभोगकी सेवा सिद्ध न भई (जाने). कासिदको दिये सो नारायणदासको लिखें जो तुम्हारी प्रभुतातें एक दिन राजभोगको नागा पर्यो जो मेरी सत्ताको भोग न धर्यो! या प्रकार सन्तदास विवेकधैर्याश्रयको रूप दिखाये. विवेक यह जो श्रीगुसांईजीको हूंडी पठाई-आपुनी सेवा न भई-राजभोगको नागा माने. धैर्य यह जो श्रीठाकुरजीके द्रव्य खान-पान न किये. आश्रय यह जो मनमें आनन्द पाये-दुःखक्लेश न पाये.

[श्रीहरिरायजी-द्वितीयेश : भावप्रकाश ८४ वैष्णवनकी वार्ता-७६].

(५)पारिश्रमिकके रूपमें वित्त दे कर किसी दूसरेके द्वारा सेवा कराई जाती हो तो चित्तमें अहंकार तो बढ़ता है परन्तु वह भगवान्‌में कभी चोंट नहीं सकता. भगवत्सेवार्थ किसी दूसरेसे पारिश्रमिक धन लिये जानेपर तो, जैसे पंडा-पुरोहितोंको यज्ञयागादिका फल नहीं मिलता परन्तु यजमानोंको ही मिलता है, वैसे ही सेवाकर्ताकी सेवा निष्फल बन जाती है. यजमान, जैसे, दक्षिणा दे कर पुरोहितोंद्वारा यज्ञयाग करा लेते हैं, ऐसे ही भगवत्सेवा. (आजकल जैसे पुष्टिमार्गीय हवेलियोंमें वैष्णवगण गुसांई-मुखिया-भितरिया-समाधानीकी बटालियनसे करवा लेते हैं उसी तरह : अनुवादक) करा लेनेमें क्या बुराई है? वहां कर्ममार्गमें वह विहित होनेसे पुरोहितोंसे कर्म सम्पन्न करा लेना आपत्तिजनक नहीं होता. भक्तिमार्गमें, परन्तु, इस तरह भगवत्सेवा करा लेनेका कहीं विधान उपलब्ध न होनेसे, किसी दूसरेको धन दे कर सेवा कराना अनुचित ही होता है. भक्तिमार्गमें तो भगवदुक्त प्रकार (निजगृहमें निजपरिजनोंके सहयोगद्वारा निजी तन-मन-धनसे ही) भगवत्सेवा की जानी चाहिये.

[सुरतस्थ ३/२ गृहाधिपति श्रीपुरुषोत्तमजी : सिद्धा.मुक्ता.विवृ.प्रका.२].

(६)"अत्र गृहस्थानविधानेन, स्वगृहाधिष्ठित-स्वरूप-भजन-परित्यागेन अन्यत्र तत्करणे भक्तिः न भवति, इति सूचितं भवति" अर्थात् यहां सेवोपयोगी स्थानके रूपमें निज घरका विधान उपलब्ध होता होनेसे, अपने घरमें विराजते ठाकुरजीकी सेवा छोड़ कर किसी दुसरी जगह (अर्थात् हवेलियोंमें, जैसे

आजकल, भेंट-सामग्री चढ़ा कर नित्य या मनोरथों की झांकी करना वैष्णवोंने पुष्टिमार्गमें परमधर्म मान लिया है वैसे) भगवत्सेवा करनेवालोंको कभी भक्ति सिद्ध नहीं हो सकती है.

[श्रीवल्लभात्मज-श्रीबालकृष्णजी : भक्तिवर्धिनीव्याख्या २].

(७)लौकिक अर्थकी इच्छा राखिके जो भगवद्भजनमें प्रवृत्त होय सो सर्वथा क्लेश पावे हे. इतने कछू लाभके लिये पूजादिकमें प्रवृत्त होय सो 'पाखंडी' और 'देवलक' कह्यो जाय हे. तासूं लाभपूजार्थ शिवाय जामें निषेध नहीं हे एसी रीतीसूं "मेरो लौकिक सिद्ध होय" एसी इच्छासूं जो भजनमें प्रवृत्त भयो होय सो 'लोकार्थी' कह्यो जाय.

[श्रीनृसिंहलालजी महाराज : सिद्धान्तमुक्तावलि-टीका श्लोक १६-१७]

(८)श्रीउदयपुर दरबारको आशीर्वाद! इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि चल-अचल सम्पत्तिके आर्थिक तथा स्वामित्वकी व्यवस्थाके बारेमें योग्य व्यक्तियोंकी एक सलाहकार समिति नियुक्त कर ली गई है. सेवा आदि विषयोंमें पुरातन तथा प्रवर्तमान प्रणालिके अनुसार काम किया जायेगा; और यदि पुरातन परम्पराका बाध न होता हो और समिति किसी तरहके सुधारकी इच्छा रखती होगी तो ऐसे सुधार भी स्वीकारे जायेंगे. और श्रीठाकुरजीका द्रव्य हमारे व्यक्तिगत उपयोगमें नहीं वापरा जायेगा, जैसी कि परम्परा आज भी है ही, और इसे निभाया जायेगा. तो भी मेरे पूर्वजोंके समयसे चले आ रहे मेरे स्वामित्वके हक्क उसी तरह कायम रहेंगे. इसी तरह आय-व्ययको भी उन-उन वहीखातोंमें लिखा जायेगा जैसे कि हालमें लिखा जा रहा है.

[नि.ली.गोस्वामितिलकायित श्रीगोवर्धनलालजी महाराज : डिक्लेरेशन मिति भाद्र-शुक्ला पञ्चमी सं.१९८९=ता.५-९-१९९३].

(९)महाराजको जो आमदनी वैष्णवों आदिसे होती है उसमेंसे घरखर्चेके रूपमें महाराज ठाकुरजीकी सेवाका खर्चा निभाते हैं. ठाकुरजीकेलिये चल या अचल सम्पत्ति अलगसे निकाल कर उसमेंसे ठाकुरजीकी सेवाका खर्च

निभाया नहीं जाता है. ठाकुरजीके वैभवका, नेगभोगका, आभूषण-वस्त्र आदिका खर्च महाराज स्वयं अपनी आमदनीके अनुसार निभाते हैं...ठाकुरजीके सन्मुख भेंट धरी नहीं जा सकती...ठाकुरजीकी भेंट देवमन्दिरमें भेजनी पड़ती है. महाराज उस भेंटको अपने उपयोगमें ला नहीं सकते.

[नि.ली. अमरेलीवाले गो. श्रीवागीशलालजीके आम-मुखत्यार : "अमरेलीद्देवली व्यक्तिगत है या सार्वजनिक" मुद्देपर सन् १९०९-१० में गायकवाडी बड़ौदा राज्यकी कोर्टमें दी गई ज़वानी].

(१०)जैसे हमारे पूर्वपुरुष स्वयं अपने धर्मके सत्यस्वरूप तथा शुद्धाद्वैतसिद्धान्त को पूर्णतया समझ कर वैष्णवधर्मका यथार्थ उपदेश लोगोंको करते थे; और मध्यवर्ती कालमें जिसे सम्पत्ति आदिके कारणोंसे हमने बहोत हद् तक छोड़ दिया है, इसके कारण अधिकांश लोगोंमें साधारण सेवा और केवल वित्तजा भक्ति की ही रूढिके अनुसार जानकारी बच गयी है.

[नि.ली.गो.श्रीद्वेकीनन्दनाचार्य-पञ्चमेश द्वारा मुंबईके वैष्णवोंको लिखित पत्र : 'आश्रय' अप्रिल ८७ के अंकमें प्रकाशित].

(११)वकील : यदि किसी भी पुष्टिमार्गीय मन्दिरमें, वैष्णव श्रीठाकुरजीकी सेवा और नेग-भोग केलिये; और श्रीठाकुरजीकी सेवाको निभानेकेलिये भेंट आदि दे कर वित्तजा सेवा करते हों और उस मन्दिरमें तनुजा सेवा भी करते हों तो वह, "मन्दिर पुष्टिमार्गीय नहीं होता" ऐसा आपका कहना है?.

पू.पा.महाराजश्री : पुष्टिमार्गीय वैष्णवोंकेलिये स्वतन्त्रतया तनुजा या वित्तजा सेवा करनेकी कोई प्रक्रिया नहीं है. और ऐसी सेवा की जाती हो तो उसे 'साम्प्रदायिक मन्दिर' नहीं कहा जा सकता.

[सुरतस्थ ३/२ गृहाधिपति नि.ली.पू.पा.गो.श्रीव्रजरत्नलालजीमहाराज : "न-डियादकी हवेली वैयक्तिक है या सार्वजनिक" विवादमें पुष्टिमार्गके विशेषज्ञ साक्षिके रूपमें दी ज़वानी].

(१२)...इसी तरह अपने यहां जो सन्मुखभेंट धरी जाती है वह

भी देवद्रव्य होता है; और उसे सामग्रीके काममें नहीं लिया जाता. श्रीगोकुलनाथजी और श्रीचन्द्रमाजी के घरमें आज भी यह नियम पाला जाता है. वहां जो सन्मुखभेंट आती है, उसे कितनीया-महावनीया ले जाता है. वह वल्लभकुलका श्रीयमुनाजीका पंडा होता है. दूसरा कोई उसका अनुकरण करे तो वह अनुचित है...हम श्रीनाथजीके सामने जो सन्मुखभेंट धरते हैं, वह श्रीमहाप्रभुजीकी पादुकाजीको धरते हैं, फिर भी उसे आभूषणोंमें वापरी जाती है, सामग्रीमें नहीं. सन्मुखभेंट धरनेमें वहोत अनाचार होता है. इस तरह आया हुवा द्रव्य 'देवद्रव्य' बनता है...उसे लेनेवालेकी बुद्धि विगडे विना नहीं रहती.

[नि.ली.गो.श्रीरणछोड़लालजी महाराज राजनगर : वचनामृत-४८४-८७].

(१३/क)वैष्णवोंके पास जो भी परम पदार्थ है उसका अस्तित्व आजके ही दिनका आभारी है. कालकी भीषणता और परिस्थिति की विषमताके अत्यन्त विकट युगमें श्रीमत्प्रभुचरणोंके दिव्य सिद्धान्तोंके ऊपर अटल रहनेपर ही जीव मात्रका ऐहिक और पारलौकिक कल्याण हो पायेगा. अन्याश्रयके त्यागकी भावनापर जगत्के जीव दृढ़ रहें तो वैष्णव-हवेलियोंके वैभवोंके कारण जो वैष्णव धरसेवाको भूल चुके थे, संयोगवशात् उन हवेलियोंमें श्रीके दर्शन आज बन्द हुये हैं, सो वैष्णवोंके घर पुनः भगवत्सेवासे किलकिलाते हो जायेंगे. यह लाभ सम्प्रदाय और सम्प्रदायियोंकेलिये मामूली नहीं होगा. ईश्वरेच्छा अनाकलनीय होती है. मुझे श्रद्धा है कि इस कठीन परीक्षामें हम सभीका श्रेय ही सिद्ध होनेवाला है.

(१३/ख)मेरे अनुयायियोंको दो प्रकारसे दीक्षा देता हूं. प्रथम कंठी बांधना तथा दूसरी ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा देना. कंठी-बांधना साधारण वैष्णवोंको ही दी जाती है तथा ब्रह्मसम्बन्ध विशेषरूपसे उन अनुयायियोंको, जो सेवामें विशेषरूपसे बढ़ना चाहते हैं. पहली दीक्षाको 'शरण-दीक्षा' कहते हैं तथा दूसरी दीक्षाको 'आत्मनिवेदन' कहते हैं. शरणदीक्षासे वैष्णव सिर्फ नामस्मरण करनेका ही अधिकारी वनता है तो सेवावाले वैष्णवको ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा लेनेके वाद ही अधिकार मिलता है. ब्रह्मसम्बन्धवाला वैष्णव अपने घरमें ही सेवाका अधिकारी होता है...हम स्वरूपकी सेवा नन्दालयकी भावनासे करते है. इसलिये हम सातोंके सात पुत्रोंके घर 'घर' ही कहलाते है और हमारे घरकी

सृष्टि 'तीसरे-घरकी-सृष्टि' कहलाती है.

[नि.ली.गो.श्रीव्रजभूषणलालजी महाराज तृतीयेश : (१३/क) : श्रीमत्प्रभुचरणप्राकटचोत्सव=ता.२४-१२-४८के दिन पुष्टिमार्गीय वैष्णवोंकी सभा मुंवईमें अध्यक्षीय प्रवचन (१३/ख) वयान : मूर्तिवा कार्या. सहा. कमि. देवस्थानविभाग खंड उदयपुर एवं कोटा वजरिये कमिशन मु.कांकरोली.फाईल संख्या.१-४-६४. श्रीद्वारकाधीशमन्दिर दिनांक ७।११।६५].

(१४/क)आज मुझे अपने हृदयके उद्गार कहने दो, मेरा हृदय जल रहा है, मन्दिरोमें द्रव्यसंग्रहकी प्रवृत्तिमात्र रह गई है; और वही अनर्थोंकी जड़ है. ऐसे मन्दिरोंके अस्तित्वसे कोई लाभ नहीं. हमारा सम्प्रदाय सामुहिक नहीं वैयक्तिक है. सार्वकालिक तथा सार्वदेशिक अवश्य है परन्तु सार्वजनिक नहीं. ''करत कृपा निज दैवी जीवनपर'' इस उक्तिमें 'निज' शब्दका प्रयोग किया गया है. दैवी जीव कहीं भी हो सकते हैं परन्तु सार्वजनिक रूपसे नहीं. आज हम 'पुष्टि'का नाम लेनेके भी अधिकारी नहीं हैं! हमारे मन्दिर कहां हैं! आजका हमारा जीवन चार्वाक-जीवन हो रहा है. क्या हम, आज जिस प्रकारका सम्प्रदाय है, उसे जिवाना चाहते हैं? यदि सच्चे सम्प्रदायको चाहते हो तो स्वरूपसेवा घर-घरमें पधराओ एवं नामसेवापर भार रखो...भक्तिकी प्राप्ति स्वगृहोंमें सेवा करनेसे ही होगी. आजके इन मन्दिरोंसे कोई लाभ नहीं है, क्योंकि इनमें द्रव्यसंग्रहकी प्रधानता आ गयी है; और जहां द्रव्य इकट्ठा होता है वहीं अनर्थ होते हैं. आज सम्प्रदायका विकृत स्वरूप इसीसे है.

[नि.ली.गो.श्रीकृष्णजीवनजी महाराज मुंवई-मद्रास : 'वल्लभविज्ञान' अंक ५-६ वर्ष १९६५]

(१४/ख)हम श्रीवल्लभाचार्यजीकी आज्ञाका पालन कहां कर रहे हैं? हमारे यहां गृहसेवा कहां है? केवल मन्दिरोंके दर्शनोंसे क्या लाभ है? श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा है ''कृष्णसेवा सदा कार्या''. यदि श्रीमहाप्रभुजी मन्दिरको मुख्य मानते तो अपनी तीन परिक्रमाओंमें अनेक मन्दिर स्थापित कर देते. श्रीगुसांईजीने श्रीगिरधरजीको सातस्वरूपका मनोरथ करते समय इसी प्रकारकी

चेतावनी दी थी. मन्दिरस्थापन करते समय उनको डर था कि घरमेंसे ठाकुरजी मन्दिरमें पधार जायेंगे. मेरे पिताजीने कल (उपर्युद्धृत '१४/क' वचनमें) जो कहा वह अक्षरशः सत्य है. तुम अपने घरोंमें ठाकुरजीको पधराओ और सेवा करो.

(१४/ग)पुष्टिमार्गीय प्रणालिकाके अनुसार ट्रस्ट होना उचित नहीं है. श्रीआचार्यचरणने प्रत्येक ब्रह्मसम्बन्धी जीवको आज्ञा दी है "गृहे स्थित्वा स्वधर्मतः" (भक्तिवर्धिनी) अर्थात् गृहमें रह कर स्वधर्माचरण करना चाहिये. गोस्वामी बालक भी आचार्य होनेके बावजूद वैष्णव भी हैं. अतः आचार्यश्रीकी उपरोक्त आज्ञाको पालना उनका भी कर्तव्य है...अतः मेरा तो मानना यही है कि आचार्यचरणके सिद्धान्तके अनुसार वैष्णवोंको स्वयंके घरमें श्रीठाकुरजीकी सेवा करनी चाहिये और धर्मग्रन्थोंका पठन-पाठन करना चाहिये. नहीं कि मन्दिरोंमें जाकर...ट्रस्ट तो पुष्टिमार्गीय प्रणालिकासे संगत होनेवाली बात नहीं बल्कि अपनी प्रणालीको भंग करनेवाली बात है.

[दहिसरमें श्रीगोवर्धननाथ हवेली ट्रस्टके संस्थापक पू.पा.नि.ली.गो.श्रीव्रजाधीशजीमहाराज : (१४/ख)'वल्लभविज्ञान'. अंक ५-६ वर्ष १९६५, (१४/ग) 'नवप्रकाश' अंक ८ वर्ष ८].

(१५/क)और जब जनरल पब्लिक ट्रस्ट है तब ठाकुरजीको गोस्वामीके सम्बन्धसे पृथक् कर, ठाकुरजीको सब सम्पत्ति अर्पण कर, अर्थात् भेंट करके रिलीजिअस एंडोमेन्टके रूपमें हुवे वे ट्रस्ट हैं. ऐसी अवस्थामें इन ट्रस्टोंसे जो नेग-भोग चलाया जाता है, वह देवद्रव्यसे चलाया जाता है देवद्रव्यका उपभोग करनेवाले अन्तमें देवलक ही हैं. श्रीमदाचार्यचरणने प्रभुकी सोनेकी कटोरी गिरवी रखकर जब भोग अरोगाया तब आपने उस द्रव्यसे समर्पित सबका सब प्रसाद गायोंको दिया. यह है साम्प्रदायिक सिद्धान्त. इस प्रकारके आदर्शरूप सिद्धान्तोंका जिस प्रथासे विनाश होकर, आचार्योंको देवलक बनाया जाय, उस प्रथाको जितनी शीघ्र सम्प्रदायसे हटा दी जाय, उतना ही श्रेय इसमें गोस्वामिसमाज तथा वैष्णवसमाजका निहित है.

(१५/ख)भगवत्सेवा सम्प्रदायकी आत्मरूप प्रवृत्ति है. आचार सेवाका अङ्ग है, सेवाके अनुकूल आचारका पालन किया जाना चाहिये. आचार-पालनको

प्रमुखता देकर भगवत्सेवाका त्याग भी उचित नहीं है. भगवत्सेवा जैसे भी बने करो...गुरु घरोंमें मत भेजो...यदि हम भगवद्द्रव्यको पेटमें डालेंगे तो वह अपराध है. ग्रन्थोंके अध्ययनके प्रति हमें समाजको आकृष्ट करना चाहिये.

[नि.ली.गो.श्रीदीक्षितजी महाराज सुंवई-किशनगढ़ : (१५/क) "आचार्योंच्छेदक ट्रस्ट प्रथासे पुजारीपनकी स्थापना घोर सिद्धान्तहानि एवं घोर स्वरूपच्युति"लेख पृष्ठ ७. (१५/ख)'श्रीवल्लभविज्ञान' अंक ५-६ वर्ष १९६५ में प्रकाशित वक्तव्य].

(१६/क)जैसे स्वरूपसेवा स्वार्थबुद्धिवश और लौकिक कार्य समझ कर नहीं करनेकी श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा है, वैसे ही नामसेवा भी वृत्त्यर्थ नहीं करनी चाहिये ऐसी आज्ञा श्रीमहाप्रभुजी निवन्धमें करते हैं...वृत्त्यर्थ सेवा करनेसे प्रत्यवाय (दोष) लगता है. जैसे गङ्गाजमुनाजलका उपयोग गुदाप्रक्षालनार्थ नहीं किया जा सकता है, वैसे ही सेवाका उपयोग भी वृत्त्यर्थ नहीं करना चाहिये.

(१६/ख)तन और वित्त प्रभुकेलिये वापरा जाय तो मन भी प्रभुमें अवश्य लगता ही है. अतएव श्रीवल्लभने उपदेश किया है कि "तत्सिद्धये तनुवित्तजा". मानसी जो परा है उसे सिद्ध करना हो तो तनुवित्तजा सेवा आवश्यक है. तन और वित्त कहीं एकत्र लगाया जाय तो वित्त भी वहां दिनरात लगा रह सकता है. दलालीका व्यवसाय करनेवालेके व्यवसायमें केवल तनसे श्रम किया जाता है परन्तु उसमें वित्त स्वयंका लगाया नहीं जाता है. अतएव बज़ारके भावोंकी घटबढ़में दलालको तनिक भी मानसिक चिन्ता होती नहीं है... किसी बच्चेका पिता केवल ट्यूशन फी देनेके बाद समझ लेता है कि बच्चा परीक्षामें पास हो ही जायेगा. इन तीनोंको फलप्राप्ति होती नहीं क्योंकि तनुजा-वित्तजा दोनों नहीं लगती हैं. अब तनुवित्तजा दोनों लगानेवालेके चित्तप्रवण होनेका उदाहरण देखें : एक दुकनदार दुकान और माल की खरीदीमें पूंजी लगा कर व्यापार शुरु करके सुबहसे रात तक वहां उपस्थित रह कर जब तन भी व्यापारमें लगता है तो इस कारणसे दिनरात उसे व्यापारके ही विचार आते रहते हैं : अच्छी तरह व्यापार कैसे करूं—किस तरह व्यापार बढ़े...अतः पुष्टिमार्गमें प्रभुमें आसक्ति सिद्ध होनेके लिये मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया समझायी गयी है कि भावपूर्वक

भक्तकी तनुचिन्तद्वारा सेवा करनी चाहिये.

[पू.पा.गो.श्रीगोविन्दरायजी महाराज पोरबन्दर: (१६/क) 'सुधाधारा' पृ.११४. (१६/ख) 'सुधाबिन्दु' पृ.७३]

(१७)वल्लभमतमें यह सिद्धान्ततः गलत है और ऐसे देवस्थानोंके चढ़ावेका प्रसाद भी खाया नहीं जा सकता है, क्योंकि वहां देवलक्त्व ही प्रधान है. आजके युगको देखते हुवे जहां न्यास करना आवश्यक है वहां उपर्युक्त सिद्धान्तोंको ध्यानमें रख कर ही न्यास करना आवश्यक है, जिससे देवलकवृत्तिसे बचा जा सके. यदि ऐसी व्यवस्था नहीं की जाती तो देवद्रव्य होता है, जिसका सेवन करनेसे आचार्य स्पष्ट कहते हैं कि नर्कपात होगा.

[नि.ली.गो.श्रीरणछोड़ाचार्यजी प्रथमेश : ''हमारी धार्मिक स्थितिका वर्तमान स्वरूप एवं भविष्यकी व्यवस्था हेतु प्रतिवेदन(दि.२५।२।८१)''पृ.१२].

(१८)क्योंकि श्रीनाथजी स्वयं उसके भोक्ता हैं किन्तु वैष्णव-वृन्द तथा सेवकगण भी उसके महाप्रसाद लेने तकके अधिकारी नहीं है. यह आचार्यचरणके इतिहाससे प्रत्यक्ष प्रमाणभूत है. उसके महाप्रसाद लेनेका केवल गायकों ही अधिकार है. अन्यथा उस देवद्रव्यके उपभोग करनेसे निश्चय ही अधःपतन है...सब प्रकारके दान-चढ़ावों व वसूल वसूली करनेका उल्लेख किया गया है, वह भी सम्प्रदायके सिद्धान्तसे नितान्त विरुद्ध है. हमारे सम्प्रदायकी प्रणालीके अनुसार जो हमारे सम्प्रदायके सेवक हैं, उनका ही द्रव्य गुरु-शिष्यके सम्बन्धसे लेकर सेवामें उपयोग कराया जा सकता है. सम्प्रदायमें सब प्रकारके दान-चढ़ावेका उपयोग सेवामें नहीं किया जाता है; और कदाचित् कहीं किया जाता हो तो वह सम्प्रदायके नियमोंसे विरुद्ध होनेके कारण बन्द कर देना चाहिये.

[पू.पा.गो.श्रीघनश्यामलालजी-सप्तमेश : ''श्रीनाथद्वारा ठिकानेके प्रबन्धकी दिल्ली-योजनाकी आलोचना (ता.१-२-५६)''].

(१९/क)प्रश्न : 'देवद्रव्य' किसे कहते हैं? 'देवद्रव्य'का मतलब, देवका द्रव्य. ऐसा द्रव्य या पदार्थ जो देवको ही उद्देश्य बना करके अर्पण किया

गया हो उसे 'देवद्रव्य' कहते हैं. इसी प्रकार गुरुको उद्देश्य बना करके अर्पण किये गये द्रव्यको 'गुरुद्रव्य' कहा जाता है. प्रभुकी प्रसादी वस्तुको 'महाप्रसाद' कहते हैं...इस प्रकारके मन्दिरोंमें ठाकुरजीके सन्मुखमें भेंट धरे जाते द्रव्यको और ट्रस्टकी ऑफिसमें आते द्रव्यको तो स्पष्ट शब्दोंमें 'देवद्रव्य' कहा जा सकता है; और उस द्रव्यसे सिद्ध होती सामग्रीमें भगवत्प्रसादी होनेके बाद महाप्रसादपना तो आता है परन्तु उसके साथ उसमें देवद्रव्यपना भी रहता ही है. इसीके कारण वैष्णवोंको ऐसे महाप्रसादको देवद्रव्य समझकर ही व्यवहार करना चाहिये. ऐसे महाप्रसादको लेनेमें देवद्रव्यका बाध तो रहता ही है.

(१९/ख)मन्दिरके स्थलके फेरबदलके बारेमें श्री गो.पू.१०८ श्रीबालकृष्णलालजीने कहा कि पुष्टिमार्गमें सार्वजनिक मन्दिरकी परम्परा नहीं है. इसमें व्यक्तिगत स्वरूप, निजी स्वरूप, की ही बात है; और इसीके कारण पुष्टिमार्गमें सेवाप्रकार देवालयके प्रकार जैसा नहीं है. मन्दिरका निर्माण भी घर जैसा होता है. कहीं भी ध्वजा-शिखर नहीं होते. वैष्णव भी घरमें सेवा करते हैं तथा उसे 'मन्दिर' ही कहते हैं...

['सेवा-देवद्रव्य-विमर्श' ग्रन्थके सहलेखक पू.पा.गो.श्रीबालकृष्णलालजी महोदय सूरतस्थ ३/२ गृहाधीश : (१९/क)'वैष्णववाणी' अंक ३,वर्ष मार्च १९८३. (१९/ख) 'गुजरात समाचार' अंक २५-५-९३में प्रकाशित].

(२०)...ब्रह्मसम्बन्ध लेकर सेवा करनेसे प्रत्येक इन्द्रियोंका भगवान्में विनियोग होता है...मन्दिर-गुरुधर केवल उपदेश ग्रहण करनेकेलिये हैं. सेवा हमें अपने घरोंमें करनी है.

[पू.पा.गो.श्रीमथुरेशवरजी संस्थापक – श्रीगोवर्धननाथजी मन्दिर, होलिवुड,ए-न्.वायु.अमेरिका : 'वल्लभविज्ञान'अंक ५-६ वर्ष १९६५].

(२१)प्रश्न : अपने सम्प्रदायमें मन्दिरको 'मन्दिर' न कह कर 'हवेली' क्यों कहा जाता है?

उत्तर : सामान्यतया इतर हिन्दु-सम्प्रदायमें 'मन्दिर' शब्द देवालयके अर्थमें प्रयुक्त होता है परन्तु ऐसे देवालयके रूपमें मन्दिर जैसी संस्थाका पुष्टिमार्गमें अस्तित्व ही नहीं है. क्योंकि पुष्टिमार्गमें अपने मांथे जो प्रभु पधराये जाते हैं वे प्रभुस्वरूप और उनकी सेवा हरेकको व्यक्तिगतरूपमें उनकी भावनाके

अनुसार पधराये जाते हैं. स्वयंके श्रीठाकुरजीकी सेवा पुष्टिमार्गीय जीवका एकमात्र स्वर्यका कर्तव्य बन जाता स्वयंका ही धर्माचरण है. पुष्टिमार्गमें सेवा सामुहिक जीवनका विषय नहीं परन्तु व्यक्तिगत जीवनका विषय है. जैसे लोकमें पत्नी अथवा माता का पति अथवा पुत्र की सेवा या वात्सल्य प्रदान करनेका उसका व्यक्तिगत धर्म उत्तरदायित्व और अधिकार होता है. उसी तरह सेवकके जो सेव्यस्वरूप होते हैं उन सेव्यकी सेवा उसका व्यक्तिगत धर्म और अधिकार होता है. सेवा कोई सार्वजनिक कार्य या सार्वजनिक प्रवृत्ति नहीं परन्तु सेवा तो स्वयंके आन्तरिक जीवनके साथ सम्बन्ध रखनेवाली होनेसे स्वयंके जीवनकी स्वयंके घरमें की जानेवाली धर्मरूप प्रवृत्ति है... अतः इतर हवेलियोंकी तरह जैसे 'श्रीनाथजीका मन्दिर' शब्द, रूढ हो गया होनेसे, प्रयोग किया जाता है. वस्तुतः तो सामुहिक दर्शन या सेवा जहां की जाती हो ऐसे अन्यमार्गीय सार्वजनिक देवस्थान जैसा वह मन्दिर नहीं है.

['सेवा-देवद्रव्य-विमर्श'ग्रन्थके लेखक अ.सौ.वा.पू.पा.गो.श्रीवल्लभरायजी सुरतस्थ ३/२ गृहगोस्वामी : 'पुष्टिने शीतल छांयडे' पृ.सं.१५७-१५८].

(२२)श्रीमहाप्रभुजीने अलग-अलग मन्दिरोंकी प्रणाली खड़ी नहीं की; परन्तु इसमें जगद्गुरु श्रीवल्लभाचार्यकी एक दूरदृष्टि थी : प्रत्येक वैष्णवका घर नन्दालय बनना चाहिये...किसी मन्दिरके पड़ोसमें एक वहन रहती है. मन्दिरकी आरतीके घन्टानाद सुनाई देते हैं. सेवा करनेको बैठी हुई वह वहन ठाकुरजीके वस्त्र बड़े करके स्नान कराने जा रही थी कि आरतीका घन्टानाद सुनाई दिये. वह ठाकुरजीको वहीं उसी अवस्थामें छोड़ कर मन्दिरकी ओर दौड़ गई. थोड़ी देरके बाद लौट कर घर आई. अब विचार करो कि इस तरह कोई सेवा करे तो उसमें आनन्द कभी आ सकता है? यहां तो प्रत्येक वैष्णवका घर नन्दालय है.

[श्रीमद्भागवततत्त्वमर्मज्ञा श्रीगिरिराजजीहवेली(बड़ोदा)संचालिका अमेरिकामें सार्वजनिक मन्दिरार्थ स्वयंके सेव्य श्रीगोवर्धननाथजीके स्वरूप पधरा कर वहां नवपुष्टिचेतनाका संचार करनेवाली पू.पा.गो.सुश्रीइन्दिरा बेटीजी : 'वैष्णवपरिवार' अंक जून ९०].

(२३)''अति धन्यवादार्ह है कि आपने इतनी मेहनत करके सम्प्रदायके

सिद्धान्तनूं कोटमें समझावें'' – ''हमारा इसमें पूरा सहयोग होगा, तनमनधनसे...हमारे सभी चि.बालक इस कार्यमें सहयोग करनेको तैयार हैं''.

[पुरस्कृतदेवलकताभिनन्दित पू.पा.गो.चि.श्रीहरिरायजीके सिद्धान्तनिष्ठ पितृचरण नि.ली.गो.श्रीव्रजभूषणलालजी महाराज : मुझे भेजे हुवे दि.२६-१०-८६ और ७-११-८६ के पत्रोंमें].

(२४)मैं तो एक ही बात कहना चाहूंगा कि समाजके भीतर और अपने सम्प्रदायमें इतना अधिक सिद्धान्तवैपरीत्य हो गया है कि गुजरातके एक गांवमें...पुष्टिमार्गके ही, अपने सम्प्रदायके ही, दो मन्दिर हैं और मन्दिरोंकी दीवाल भी एक ही हैं; परन्तु...ऐसी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा वैष्णवसमाजमें पैदा हो गई है कि मानों एकदूसरेके साथ स्पर्धा कर रहे हों ऐसे. ईर्ष्या-द्वेषका वातावरण जब सेवाके क्षेत्रमें उत्पन्न हो जाता है तो उससे बढ़ कर लोकार्थित्व और क्या हो सकता है! ...जो शॉ-बिज़नेस सम्प्रदायमें चल रहा है उसका निवारण हो एतदर्थ एक सुन्दर चर्चासाभाका आयोजन हुवा है...मेरी सविशेष विनंती यह है कि ऐसे सभी सिद्धान्तवैपरीत्यकी फ़ज़ीहत जो सर्वाधिक कहीं होती हो तो गुजरातमें होती है. भागवतमें भी लिखा हुवा है कि ''गुरुरे क्षीणतां गता''...अतः सिद्धान्तकी सत्यनिष्ठा कहीं साधनी हो तो... और श्रीमहाप्रभुजीके पुष्टिसिद्धान्तोंके सद्जागरणकी कहीं आवश्यकता हो तो... गुजरातमें ऐसी सभाओंका आयोजन होना चाहिये...

[पू.पा.गो.चि.श्रीदुग्गिलकुमारजी महोदय : ''पुष्टिसिद्धान्तचर्चासभा (दि.१०-१३ जनवरी,९२. पार्ले-मुंबई) विस्तृतविवरण'' पृ.३१७-३१८]

(२५)पुष्टिमार्ग गुप्त है, दिखावेके लिये तो है ही नहीं, भक्त और भगवान् के आन्तरिक सम्बन्ध दृढ़ करनेका मार्ग है... दोनोंका सम्बन्ध ऐसा होना चाहिये कि किसी तीसरेको उसकी जानकारी न हो पाये. अपना अपने भगवान्के साथ क्या सम्बन्ध है इसे दूसरे किसी व्यक्तिको जतानेकी आवश्यकता ही क्या है? प्रशंसा पानेको? स्वयंकी महत्ता बढ़ानेको? यह तो सभी कुछ बाधक हैं.

[पू.पा.गो.चि.श्रीद्वारकेशलालजी महोदय (श्रीवल्लभाचार्यप्राकट्यपीठ अमरेली-कांदीवली-चम्पारण्य-सूरत) : 'पुष्टिनवनीत' पृ.१२].

-० ✻ ०-

पुष्टिविधानानुक्रमणिका

(१)	मङ्गलाचरणम्	१-३
(२)	श्रीसर्वोत्तमस्तोत्रम्	३-७
(३)	श्रीवल्लभाष्टकम्	७-९
(४)	श्रीस्फुरत्कृष्णप्रेमामृतस्तोत्रम्	९-१२
(५)	नामरत्नाख्यस्तोत्रम्	१२-१५
(६)	श्रीयमुनाष्टकम्	१५-१८
(७)	बालबोधः	१८-२१
(८)	सिद्धान्तमुक्तावली	२१-२४
(९)	पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेदः	२४-२८
(१०)	सिद्धान्तरहस्यम्	२८-२९
(११)	नवरत्नम्	३०-३१
(१२)	अन्तःकरणप्रबोधः	३२-३३
(१३)	विवेकधैर्याश्रयः	३३-३६
(१४)	कृष्णाश्रयस्तोत्रम्	३६-३९
(१५)	चतुःश्लोकी	३९-४०
(१६)	भक्तिवर्धिनी	४०-४२
(१७)	जलभेदः	४२-४७
(१८)	पञ्चपद्यानि	४८-४९
(१९)	संन्यासनिर्णयः	४९-५३
(२०)	निरोधलक्षणम्	५३-५६
(२१)	सेवाफलम्	५६-५८
(२२)	पञ्चश्लोकी	५८-५९
(२३)	साधनप्रकरणम्	५९-६८
(२४)	शिक्षापद्यानि	६८-६९
(२५)	साधनदीपिका	६९-८४
(२६)	चतुःश्लोकी	८५
(२७)	पुष्टि-अस्मिता	८६-८९

पुष्टिविधानम्

॥ मङ्गलाचरणम् ॥

(१)

(आचार्य-गुरु-भगवद्-वन्दनानि)

चिन्ता–सन्तान–हन्तारो यत्पादाम्बुज–रेणवः ।
स्वीयानां तान् निजाचार्यान् प्रणमामि मुहुर्मुहुः ॥१॥
यदनुग्रहतो जन्तुः सर्वदुःखातिगो भवेत् ॥
तमहं सर्वदा वन्दे श्रीमद्-वल्लभ-नन्दनम् ॥२॥
अज्ञान–तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन–शलाकया ॥
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥३॥
नमामि हृदये शेषे लीला-क्षीराब्धि-शायिनम् ॥
लक्ष्मी-सहस्र-लीलाभिः सेव्यमानं कलानिधिम् ॥४॥
चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च चतुर्भिश्च त्रिभिस्तथा ॥
षड्भिर्विराजते योऽसौ पञ्चधा हृदये मम ॥५॥

(श्रीमहाप्रभु[१-८]श्रीप्रभुचरण[९-१०]प्रादुर्भावितस्वरूपादीनां ध्यानम्)

श्रीगोवर्धन–नाथ[१]–पाद–युगलं हैयङ्गवीन–प्रियं[२]
नित्यं श्रीमथुराधिपं[३] सुखकरं श्रीविट्ठलेशं[४] मुदा ॥

श्रीमद्द्वारवतीश[४]गोकुलपति[५]श्रीगोकुलेन्दुं[६] विभुं
श्रीमन्मन्मथमोहनं[८] नटवरं[९] श्रीबालकृष्णं[१०] भजेत्॥६॥
श्रीमद्वल्लभ-विट्ठलौ गिरिधरं गोविन्दरायाभिधं
श्रीमद्बालकृष्ण-गोकुलपती नाथं रघूणांस्तथा।।
एवं श्रीयदुनायकं किल घनश्यामं च तद्वंशजान्
कालिन्दिं स्वगुरुं गिरिं गुरुविभुं स्वीयप्रभूंश्च स्मरेत्॥७॥

(प्रमेयरूपभगवद्ध्यानम्)

बर्हापीडं नटवरवपुः कर्णयोः कर्णिकारं
बिभ्रद् वासः कनककपिशं वैजयन्तीं च मालां॥
रन्ध्रान् वेणोरधरसुधया पूरयन् गोपवृन्दैः
वृन्दारण्यं स्वपदरमणं प्राविशद् गीतकीर्तिः॥८॥

(श्रीमदाचार्यचरणस्वरूपध्यानम्)

सौन्दर्यं निजहृद्गतं प्रकटितं स्त्री-गूढ-भावात्मकं
पुंरूपं च पुनस्तदन्तर्गतं प्रावीविशद् स्वप्रिये॥
संश्लिष्टावुभयौ बभौ रसमयः कृष्णो हि यत्साक्षिकं
रूपं तत् त्रितयात्मकं परमभिध्येयं सदा वल्लभम्॥९॥

(श्रीगोपीनाथप्रभुचरणध्यानम्)

श्रीवल्लभ-प्रतिनिधिं तेजोराशिं दयार्णवम्॥

गुणातीतं गुणनिधिं श्रीगोपीनाथमाश्रये।।१०।।

(श्रीविट्ठलनाथप्रभुचरणध्यानम्)

सायं कुञ्जालयस्थासनमुपविलसत्स्वर्णपात्रं सुधौतं
राजद्यज्ञोपवीतं परितनुवसनं गौरमम्भोजवक्त्रम्।।
प्राणानायम्य नासा-पुट-निहित-करं कर्ण-राजद्-विमुक्तं
वन्देऽर्धोन्मीलिताक्षं मृगमदतिलकं विट्ठलेशं सुकेशम्।।११।।

॥इति मङ्गलाचरणं सम्पूर्णम्॥

॥श्रीसर्वोत्तमस्तोत्रम्॥

(२)

(मङ्गलोपक्रमः)

प्राकृतधर्मानाश्रयम् अप्राकृत-निखिल-धर्मरूपमिति।।
निगमप्रतिपाद्यं यत् तत् शुद्धं साकृति स्तौमि।।१।।

(स्तोत्रप्राकट्यप्रयोजननिरूपणम्)

कलिकाल-तमश्छन्न-दृष्टित्वाद् विदुषामपि।।
सम्प्रत्यविषयस्तस्य माहात्म्यं समभूद् भुवि।।२।।
दयया निजमाहात्म्यं करिष्यन् प्रकटं हरिः।।
वाण्या यदा तदा स्वास्यं प्रादुर्भूतं चकार हि।।३।।

तदुक्तमपि दुर्बोधं सुबोधं स्याद् यथा तथा।।
तन्नामाष्टोत्तरशतं प्रवक्ष्याम्यखिलाघहृत् ।।४।।

(स्तोत्रर्षि-छन्दो-देव-बीज-विनियोग-सिद्धि-निरूपणम्)

ऋषिरग्निकुमारस्तु नाम्नां छन्दो जगत्यसौ।।
श्रीकृष्णास्यं देवता च बीजं कारुणिकः प्रभुः ।।५।।
विनियोगो भक्तियोग-प्रतिबन्ध-विनाशने।।
कृष्णाधरामृतास्वाद-सिद्धिरत्र न संशयः ।।६।।

(श्रीमदाचार्यचरणनाम् अष्टोत्तरशतनामानि)

आनन्दः[१] परमानन्दः[२] श्रीकृष्णास्यं[३] कृपानिधिः[४]।।
दैवोद्धारप्रयत्नात्मा[५] स्मृतिमात्रार्तिनाशनः[६]।।७।।
श्रीभागवत-गूढार्थ-प्रकाशन-परायणः[७] ।।
साकार-ब्रह्म-वादैक-स्थापको[८] वेदपारगः[९]।।८।।
मायावाद-निराकर्ता[१०] सर्ववादि-निरासकृत्[११]।।
भक्तिमार्गाब्जमार्तण्डः[१२] स्त्रीशूद्राद्युद्धृतिक्षमः[१३]।।९।।
अङ्गीकृत्यैव गोपीश-वल्लभी-कृत-मानवः[१४]।।
अङ्गीकृतौ समर्यादो[१५] महाकारुणिको[१६] विभुः[१७]।।१०।।
अदेय-दान-दक्षश्च[१८] महोदार-चरित्रवान्[१९]।।
प्राकृतानुकृति व्याज-मोहितासुरमानुषः[२०]।।११।।
वैश्वानरो[२१] वल्लभाख्यः[२२] सद्रूपो[२३] हितकृत्-सताम्[२४]॥

जनशिक्षाकृते कृष्णभक्तिकृद्[२५] निखिलेष्टदः[२६]॥१२॥
सर्व-लक्षण-सम्पन्नः[२७] श्रीकृष्ण-ज्ञानदो[२८] गुरुः[२९]॥
स्वानन्द-तुन्दिलः[३०] पद्म-दलायत-विलोचनः[३१]॥१३॥
कृपा-दृग्-वृष्टि-संहृष्ट-दास-दासी-प्रियः[३२] पतिः[३३]॥
रोष-दृक्-पात-सम्लुष्ट-भक्तद्विट्[३४] भक्तसेवितः[३५]॥१४॥
सुखसेव्यो[३६] दुराराध्यो[३७] दुर्लभाङ्घिसरोरुहः[३८]॥
उग्रप्रतापो[३९] वाक्सीधु-पूरिताशेष-सेवकः[४०]।।१५।।
श्रीभागवत-पीयूष-समुद्र-मथन-क्षमः[४१]।।
तत्सार-भूत-रासस्त्री-भावपूरित-विग्रहः[४२]।।१६।।
सान्निध्य-मात्र-दत्त-श्रीकृष्णप्रेमा[४३] विमुक्तिदः[४४]॥
रासलीलैक-तात्पर्यः[४५] कृपयैतत्कथा-प्रदः[४६]॥१७॥
विरहानुभवैकार्थ-सर्व-त्यागोपदेशकः[४७]।।
भक्त्याचारोपदेष्टा[४८] च कर्म-मार्ग-प्रवर्तकः[४९]॥१८॥
यागादौ भक्तिमार्गैक-साधनत्वोपदेशकः[५०]॥
पूर्णानन्दः[५१] पूर्णकामो[५२] वाक्पतिर्[५३] विबुधेश्वरः[५४]॥१९॥
कृष्ण-नाम-सहस्रस्य वक्ता[५५] भक्तपरायणः[५६]॥
भक्त्याचारोपदेशार्थ-नाना-वाक्य-निरूपकः[५७]॥२०॥
स्वार्थोज्झिताखिल-प्राण-प्रियः[५८] तादृश-वेष्टितः[५९]॥
स्वदासार्थ-कृताशेष-साधनः[६०] सर्वशक्तिधृक्[६१]।।२१।।
भुवि भक्ति-प्रचारैक-कृते स्वान्वयकृत्[६२] पिता[६३]॥
स्ववंशे स्थापिताशेष-स्वमाहात्म्यः[६४] समयापहः[६५]॥२२॥

पति–व्रता–पतिः[६६] पार–लौकिकैहिक–दानकृत्[६७]॥
निगूढ-हृदयो[६८]ऽनन्य-भक्तेषु ज्ञापिताशयः[६९]॥२३॥
उपासनादि – मार्गाति – मुग्ध – मोह – निवारकः[७०]॥
भक्तिमार्गे सर्वमार्ग-वैलक्षण्यानुभूतिकृत्[७१]॥२४॥
पृथक्–शरण–मार्गोपदेष्टा[७२] श्रीकृष्ण–हार्दवित्[७३]॥
प्रतिक्षण – निकुञ्जस्थ– लीला– रस– सुपूरितः[७४]॥२५॥
तत्कथाक्षिप्त-चित्तस्[७५] तद्विस्मृतान्यो[७६] व्रजप्रियः[७७]॥
प्रिय-व्रज-स्थितिः[७८] पुष्टि-लीला-कर्ता[७९] रहःप्रियः[८०]॥२६॥
भक्तेच्छा-पूरकः[८१] सर्वा-ज्ञातलीलो[८२]ऽति-मोहनः[८३]॥
सर्वासक्तो[८४] भक्तमात्रासक्तः[८५] पतित-पावनः[८६]॥२७॥
स्वयशो – गान – संहृष्ट – हृदयाम्भोज – विष्टरः[८७]॥
यशः-पीयूष-लहरी-प्लावितान्य-रसः[८८] परः[८९]॥२८॥
लीलामृत – रसार्द्रार्द्री – कृताखिल – शरीर – भृत्[९०]॥
गोवर्धन-स्थित्युत्साहस्[९१] तल्लीला-प्रेम-पूरित[९२]ः॥२९॥
यज्ञ-भोक्ता[९३] यज्ञ-कर्ता[९४] चतुर्वर्ग-विशारदः[९५]॥
सत्य-प्रतिज्ञस्[९६] त्रिगुणातीतो[९७] नयविशारदः[९८]॥३०॥
स्व-कीर्तिवर्धनस्[९९] तत्त्वसूत्र-भाष्य-प्रदर्शकः[१००]॥
माया-वादाख्य-तूलाग्निर्[१०१] ब्रह्मवाद-निरूपकः[१०२]॥३१॥
अप्राकृताखिलाकल्प-भूषितः[१०३] सहज-स्मितः[१०४]॥
त्रिलोकी-भूषणं[१०५] भूमि-भाग्यं[१०६] सहज-सुन्दरः[१०७]॥३२॥
अशेष– भक्त– सम्प्रार्थ्य– चरणाब्ज– रजो– धनः[१०८]॥

(अष्टोत्तरशतनामपाठफलम्)

इत्यानन्दनिधेः प्रोक्तं नाम्नामष्टोत्तरं शतम्॥३३॥
श्रद्धा-विशुद्ध-बुद्धिर्यः पठत्यनुदिनं जनः॥
स तदेकमनाः सिद्धिम् उक्तां प्राप्नोत्यसंशयम्॥३४॥
तदप्राप्तौ वृथा मोक्षः तदाप्तौ तद्गतार्थता॥
अतः सर्वोत्तमं स्तोत्रं जप्यं कृष्णरसार्थिभिः॥३५॥

॥ इति श्रीमदग्निकुमारप्रोक्तं सर्वोत्तमस्तोत्रं सम्पूर्णम्॥

॥ श्रीवल्लभाष्टकम्॥

(३)

(भूमौ श्रीवल्लभस्वरूपप्रादुर्भावस्य हेतुप्रयोजने)

श्रीमद्-वृन्दावनेन्दु-प्रकटित-रसिकानन्द-सन्दोहरूप-
स्फूर्जद्-रासादि-लीलामृत-जलधि-भराक्रान्त-सर्वोऽपि शश्वत्॥
तस्यैवात्मानुभाव-प्रकटन-हृदयस्याज्ञया प्रादुरासीद्
भूमौ यः सन्मनुष्याकृतिरति-करुणस् तं प्रपद्ये हुताशम्॥१॥

(श्रीवल्लभप्रादुर्भावाभावे दैवसृष्टिवैयर्थ्यम्)

नाविर्भूयाद् भवांश्चेद् अधि-धरणि-तलं भूतनाथोदितासन्-
मार्गध्वान्तान्धतुल्या निगमपथगतौ देवसर्गोऽपि जाताः॥
घोषाधीशं तदेमे कथमपि मनुजाः प्राप्नुयुर् नैव दैवी

सृष्टिर्व्यर्था च भूयान्निज-फल-रहिता देव! वैश्वानरैषा ॥२॥

(ऋते वाक्पतिं श्रुत्याशयानववोधः)

नह्यन्यो वागधीशाच् छ्रुतिगणवचसां भावमाज्ञातुमीष्टे
यस्मात् साध्वी स्वभावं प्रकटयति वधूरग्रतः पत्युरेव ॥
तस्माच् छ्रीवल्लभाख्य! त्वदुदितवचनाद् अन्यथा रूपयन्ति
भ्रान्ता ये ते निसर्गत्रिदशरिपुतया केवलान्धन्तमोगाः ॥३॥

(स्वास्यप्रादुर्भावितमार्गे निवेदितस्य साक्षादुपभोगः)

प्रादुर्भूतेन भूमौ व्रजपति-चरणाम्भोज-सेवाख्य-वर्त्म-
प्राकट्यं यत् कृतं ते तदुत निजकृते श्रीहुताशेति मन्ये ॥
यस्मादस्मिन् स्थितो यत् किमपि कथमपि क्वाप्युपाहर्तुमिच्छ-
त्यद्धा तद् गोपिकेशः स्ववदनकमले चारुहासे करोति ॥४॥

(न भौतिकाग्नित्वं किन्तु श्रीकृष्णमुखविरहाग्निरूपत्वम्)

उष्णत्वैक-स्वभावोप्यति-शिशिर-वचः- पुञ्ज-पीयूष-वृष्टिर्-
आर्तेष्वत्युग्र-मोहासुर-नृपु युगपत् तापमप्यत्र कुर्वन् ॥
स्वस्मिन् कृष्णास्यतां त्वं प्रकटयसि च नो भूतदेवत्वमेतद्
यस्मादानन्ददं श्रीव्रजजननिचये नाशकं चासुराग्नेः ॥५॥

(आनन्दरूपश्रीवल्लभाग्नेः आनन्दरूपश्रीकृष्णसेवोदधिजन्म)

आम्नायोक्तं यदम्भो भवनमनलतस्तच्च सत्यं विभो यत्

सर्गादौ भूतरूपाद् अभवदनलतः पुष्करं भूतरूपम् ॥
आनन्दैकस्वरूपात् त्वदधिभु यदभूत् कृष्णसेवारसाब्धिश्
चानन्दैक-स्वरूपस् तदखिलमुचितं हेतुसाम्यं हि कार्ये ॥६॥

(श्रीवल्लभमुखदर्शनेन श्रीकृष्णदिदृक्षार्तितापः)

स्वामिन् श्रीवल्लभाग्ने! क्षणमपि भवतः सन्निधाने कृपातः
प्राणप्रेष्ठ-व्रजाधीश्वर-वदन-दिदृक्षार्ति-तापो जनेषु ॥
यत् प्रादुर्भावमाप्नोत्युचिततरमिदं यत्तु पश्चादपीत्थं
दृष्टेऽष्यस्मिन् मुखेन्दौ प्रचुरतरमुदेत्येव तच् चित्रमेतत् ॥७॥

(अज्ञानान्धकारनिवारकत्वेनाग्नित्वं वस्तुतस्तु श्रीकृष्णत्वमेव)

अज्ञानाद्यन्धकार-प्रशमनपटुता-ख्यापनाय त्रिलोक्याम्
अग्नित्वं वर्णितं ते कविभिरपि सदा वस्तुतः कृष्णएव ॥
प्रादुर्भूतो भवानित्यनुभव - निगमाद्युक्त - मानैरवेत्य
त्वां श्रीश्रीवल्लभेमे निखिलबुधजनाः गोकुलेशं भजन्ते ॥८॥

॥इति श्रीमद्विट्ठलदीक्षितविरचितं श्रीवल्लभाष्टकं सम्पूर्णम्॥

॥ श्रीस्फुरत्कृष्णप्रेमामृतस्तोत्रम् ॥

(४)

[पुष्टिसम्प्रदायप्रवर्तकस्य गुरोः श्रीवल्लभस्य सप्तधा वर्णनं : धर्मिस्वरूपस्य

(पुष्टिसम्प्रदायप्रवर्तकगुरोः श्रीवल्लभस्य स्वरूपलक्षणं : ''श्रीकृष्णलीला-रूप-सेवाकथा-परायणत्वं'' तदेव धर्मिस्वरूप[८]मिति निरूपणम्)

स्फुरत् – कृष्ण – प्रेमामृत – रस – भरेणाति – भरिता
विहारान् कुर्वाणा व्रजपति-विहाराब्धिषु सदा ॥
